## सार-समाचार

### मंदिर अर्पण का आयोजन आज

**जोधपुर**, (कासं)। दौलतकंवर पारसमल चौधरी जैन चेरीटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे संभवनाथ राजेन्द्र जैन श्वेताम्बर मन्दिर, अमर नगर मंदिर एवं उजी-तारा जैन भवन को विधि विधान के साथ राजेन्द्र सूरी जैन त्रिस्तुतिक संघ, जोधपुर को रविवार को अर्पण किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसी कार्यक्रम को लेकर आज साध्वी कारुण्य लता, वीतराग लता, शत्रुंजय लता, समत्व लता मसा. की उपस्थिति में मंदिर निर्माण परिवार पारसमल दौलतकंवर, महावीर संतोष, मुकेश शीतल, वैभव, यशपाल, निधी चौधरी,अनु- वृषभ मुथा, सुशीला-अशोक संचेती, गीता-वीरेन्द्र राज लोढ़ा की उपस्थिति में मंदिर अर्पण के पूर्व सिद्धचक्र महापूजन का आज आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर मंदिर प्राप्तकर्ता ट्रस्ट मण्डल के सभी पदाधिकारी एवं संघ सदस्य उपस्थित हुए। श्री सम्भवनाथ राजेन्द जैन श्वेताम्बर मंदिर एवं ऊजी-तारा जैन भवन,अमरनगर, जोधपुर ट्रस्ट मंडल सदस्य पारस, महावीर व मुकेश चौधरी ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण 2014 में पूर्ण हुआ था एवं मूल नायक सम्भवनाथ के साथ गुरूदेव राजेन्द्र सूरीश्वर मसा व अन्य प्रतिमाएं स्थापित की गई। वर्ष 2019 में ही भव्य आराधना भवन का निर्माण हुआ। मंदिर व पौषधशाला में धर्म आराधना सुचारू रूप से हो इसके लिये ट्रस्ट मंडल ने इसे श्री राजेन्द्र सूरी जैन त्रिस्तुतिक संघ को अर्पण करने का निर्णय लिया। रविवार को प्रातः 9.00 बजे साध्वी कारुण्य लता श्री के मंगल प्रवचन के बाद अर्पणकर्ता चौधरी परिवार की ओर से मंदिर निर्माण में सहयोग देने वालों का सम्मान भी किया जाएगा।

### शिक्षिकाओं की विचार गोष्ठी हुई

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला जोधपुर शहर की महिला विचार गोष्ठी संत पीपा सभागार, सुभाष चौक रातानाडा में आयोजित की गई। जिला महिला मंत्री ज्योति चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरोज कंवर इन्दा रही। उन्होंने अहिल्या बाई का सम्पूर्ण जीवन परिचय उपस्थित महिला शिक्षिकाओं के समक्ष रखा गया। देवी अहिल्या बाई द्वारा उस समय की परिस्थिति मे संघर्ष कर नारी शक्ति का सशक्तिकरण किया गया उसकी आज भी सार्थकता है। आज आधी आबादी को आगे बढक़र नेतृत्व अपने हाथ में लेना चाहिए। राजकीय अधिवक्ता नीलम शर्मा ने कहा कि मातृशक्ति को पंच परिवर्तन को समाज में स्थापित करने की शुरुआत परिवार से आरम्भ करनी होंगी। अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। सयुंक्त परिवार भारतीय संस्कृति का आधार है। नारी द्वारा ही उसे पुनः स्थापित किया जा सकता है। जिला संगठन मंत्री पूजा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। महानगर महिला मंत्री गीता कुड़ीवाल ने संग़ठन परिचय रखा गया। प्रदेश कार्यकारिणी से मंडल सयुंक्त मंत्री भावना आसदेव, संभाग संगठन मंत्री अनिला सोलंकी ने भी सामाजिक कार्यों मे आगे बढक़र भूमिका निभाने का आ ान किया। कार्यक्रम में जिला महिला उपाध्यक्ष वैजयंती सारण, महानगर उपाध्यक्ष संजू लता गहलोत, लक्ष्मी विश्नोई, कुसुम दवे, वीणा शर्मा, लक्ष्मी सोनी, उमा चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### दो घरों में चोरी, जेवर व नगदी पार

**जोधपुर**, (कासं)। शहर में नकबजनों ने तीन घरों में सैंधमारी करते हुए हजारों के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ किया है। दो घरों में दिन में और एक में रात को सैंध लगी है। संबंधित थाना पुलिस ने अब नकबजनों की तलाश आरंभ की है। बनाड़ पुलिस ने बताया कि देवासियों का बास बनाड़ निवासी बुधाराम पुत्र गिरधारीराम देवासी ने रिपोर्ट दी कि वह 14 नवंबर को दिन में अपने किसी काम से परिवार सहित बिराई गांव गया था। शाम छह बजे लौटा तो घर के ताले टूटे मिले। अज्ञात चोरों ने सारा सामान बिखेर कर वहां से 30 हजार की नगदी, दो चांदी की पायजेब जोड़ी, 20 तोला का चांदी का कंदोरा आदि सामान चोरी कर ले गए। इसी तरह कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि मानपुरा बालाजी नगर गोरा होटल से आगे रहने वाली शोभा वैष्णव पत्नी राजूदास ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह 14 नवंबर को परिवार सहित बाहर गई थी। सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे के बीच अज्ञात चोरों ने ताले तोडक़र घर में प्रवेश किया और वहां से सोने चांदी के जेवरात आदि चोरी कर ले गए। वहीं सूरसागर पुलिस के अनुसार नारवा खिंचियान निवासी सत्यपाल सिंह पुत्र ब्रजपाल सिंह के मकान में 14-15 नवंबर की रात को चोरों ने सैंध लगाकर वहां से सोने चांदी के जेवरात और नगदी चुरा ले गए।

### दुष्कर्म करने का फरार आरोपी पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। मतोड़ा पुलिस ने करीब साढ़े पांच महीने पुराने अपहरण और दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही नाबालिग लडक़ी को भी दस्तयाब किया गया है। उसे कोर्ट के आदेश पर बालिका सुधार गृह भिजवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फलोदी एसपी पूजा अवाना ने बताया कि पीड़ित ने मतोड़ा थाने में गत दो जून को रिपोर्ट देकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रात के समय बेटी को अपहरण कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मामले में टीम गठित की गई। टीम को आरोपी और पीड़िता की तलाश के लिए झालावाड़ भेजा गया था। जहां पर टीम ने अपहर्ता नाबालिग लडक़ी को झालावाड के अकलेरा के पास से दस्तयाब किया। नाबालिग पीड़िता का अपहरण कर ले जाने और बलात्कार करने के आरोपी झालावाड़ के लाडपुरा निवासी कमलेश करण उर्फ कमलेश उर्फ कमल को गिरफ्तार किया गया है। नाबालिग लडक़ी को बालिका सुधार गृह में भिजवाया गया है। मामले में आरोपी से पूछताछ जारी है। आरोपी कमलेश करण नाबालिग पीड़िता के घर के पास पानी की टंकी के निमार्ण कार्य की मजदूरी करता था। नाबालिग पीड़िता से जान पहचान कर बहला फुसला कर ले गया था।

### चूड़ी फैक्ट्री में लगी आग

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के नया गांव रोड पर एक मकान की पहली मंजिल पर चल रही चूड़ी फैक्ट्री में शुक्रवार शाम आग लग गई। हादसे में वहां पड़ा चूड़ी बनने का सामान और मशीन जल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग लगने की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार नया गांव रोड पर स्थित तिरुपति कॉलोनी में दुर्गाराम के रहवासी मकान की पहली मंजिल पर चूड़ी फैक्ट्री स्थित है। शुक्रवार शाम को अचानक फैक्ट्री में आग लग गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों करीब एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। फायर फाइटर पारस गहलोत ने बताया कि आग से चूड़ी बनाने की मशीन व कच्चा माल जलकर राख हो गया है। दो दमकल मौके पर पहुंची और 1 घंटे के प्रयास के बाद काबू पाया जा सका। दमकल टीम में फायर फाइटर पारस गहलोत, भवानी सिंह, कमलेश, भंवरलाल मौजूद रहे। शहर में अधिकांश परिवार चूडी बनाने का कार्य करते हैं। फायर सुरक्षा के बिना रहवासी इलाकों में चूड़ी बनाने के कारखाने बना लिए हैं। लेकिन सुरक्षा को लेकर वहां किसी तरह की व्यवस्था नहीं हैं।

### लोक अदालत की तैयारी पर चर्चा की

**जोधपुर**, (कासं)। रालसा जयपुर के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की पूर्व तैयारियों के संबंध जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर जिला के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश जोधपुर जिला विक्रांत गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में जोधपुर जिला के अधीनस्थ न्यायालयों में पदस्थापित समस्त पीठासीन न्यायिक अधिकारीगण के साथ वर्चुअली वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की गई। न्यायाधीश गुप्ता ने सभी न्यायिक अधिकारीगण को न्यायालयों में लंबित 5 वर्ष, 10 वर्ष एवं उससे अधिक पुराने लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से मामलों की सुनवाई कर निस्तारण एवं उनके निर्णयों की गुणवत्ता के संबंध में निर्देश प्रदान किए।

### भारत टैक्स 2025 14 से 17 फरवरी तक

**बालोतरा**, (नि.सं.)। वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से इंडियन टैक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन कॉन्सिल द्वारा 14 से 17 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली में भारत टैक्स 2025 का आयोजन किया जा रहा हैं। रिको क्षेत्रीय प्रबंधक सुशील कटियार ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में एक की छत के नीचे सम्पूर्ण टेक्सटाइल श्रृंखला परिधान, घरेलु सामान और फर्श कवरिंग, फाइबर, ऊन, धागे, कपड़े, कालीन, रेशम, कपड़ा आधारित हस्तशिल्प, हथकरघा, सिन्थेटिक, रेयान, सूती, वस्त्र, जूट, ऊनी वस्त्र, तकनीकी वस्त्र आदि प्रदर्शित की जाएगी। उन्होंने कहा कि उद्यमी कार्यक्रम में राज्य की ओर से टेक्सटाइल उद्योग उत्पादों को प्रदर्शित करने हेतु राजस्थान स्टेट पवेलियन बनाने एवं अधिकाधिक संख्या में टेक्सटाइल क्षेत्र के उद्यिमयों की भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि राज्य अपने विविध, उत्कृष्ट व तकनीकी वस्त्रों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर प्रसिद्धि के नये आयाम स्थापित कर सकें।

# जनजागरण रैली से तम्बाकू मुक्ति का संदेश दिया

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिला प्रशासन तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 23 नवम्बर तक संचालित किये जाने वाले टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के अंतर्गत आमजन को तम्बाकू मुक्ति का संदेश देने के लिए एक विशाल जनजागरण रैली का आयोजन शनिवार को प्रातः 8 बजे से राजकीय बांगड़ चिकित्सालय के मुख्य प्रवेश द्वार से किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि सम्पूर्ण देश में 60 दिवसीय कार्ययोजना के साथ टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 नामक विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन को विशेषरूप से युवाओं को तम्बाकू सेवन से दूर रखना है तथा जो लोग तम्बाकू सेवन कर रहे हैं,उन्हें तम्बाकू से छुटकारा दिलवाना है। साथ ही कोटपा अधिनियम का सख्ती से पालन करवाना है। इसी कार्ययोजना के अंतर्गत जिले में कई प्रकार की जागरूकता गतिविधियां नियमितरूप से संचालित की जा रही हैं। इसी श्रृंखला में शनिवार को विशाल जनजागरण रैली आयोजित हुई, जिसे बांगड़ चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. एच.एम. चौधरी तथा अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विरेन्द्र चौघरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः बांगड़ चिकित्सालय में संचालित ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र पर विसर्जित हुई। रैली के दौरान सभी सहभागी तम्बाकु उत्पादों का त्याग करने तथा तम्बाकु उत्पादों से दूर रहने के नारे लगाते हुये दिखाई दिये।

रैली में तम्बाकु के दुष्परिणामों के बारे में संदेश देने वाली तख्तियां भी लोगों के हाथों में देखी गई। जिला मुख्यालय पर आयोजित इस महा रैली के विसर्जन पर तम्बाकू मुक्ति केन्द्र के सायकॉलोजिस्ट एवं ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य के. सी. सैनी ने सभी सहभागियों को तम्बाकू मुक्ति की शपथ दिलवाई।

ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य के. सी. सैनी ने बताया कि महा जनजागरण रैली में चिकित्सा विभाग के अधीन प्रशिक्षणाधीन नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों के साथ साथ पाली शहर में कार्यरत समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनियों के अलावा चिकित्सा विभाग में जिला मुख्यालय पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। रैली के दौरान भारी संख्या में सहभागियों का होना लोगों के लिये कोतूहल बना रहा तथा लोगों ने रूक रूक कर बैनर्स एवं तख्तियों के नारों को पढ़ा तथा जानकारी प्राप्त की।

रैली के दौरान नर्सिंग प्रशिक्षक मदनगोपाल वैष्णव, विकास चौहान, किशन राठौड़, महावीर बागमार, रूपेन्द्र कुमार, आई.ई.सी. समन्वयक नन्दलाल शर्मा, तम्बाकू नियंण प्रकोष्ठ के रेवन्त राम, अशोक कुमार सहित कई कर्मचारी उपिस्थत रहे। उन्होंने बताया कि स्कूलों में भी विद्यार्थियों को तम्बाकु उत्पादों से दूर रहने के लिए उन्हें जागरूक करने के लिये वाद विवाद ,भाषण एवं निबन्ध प्रतियोगिताओं के आयोजन किये जा रहे हैं, जिनके विजेताओं को राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में जयपुर भेजा जायेगा। सभी स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे से कोई भी तम्बाकु उत्पाद बेचने वाली दुकानों को हटवाया जा रहा है। जिले के सभी चिकित्सा केन्द्रों, आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं अन्य कार्यालयों को भी तम्बाकू मुक्त क्षेत्र बनाया जा रहा है।

# हमला करने के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में प्लॉट पर सुंदरकांड का पाठ कर रहे पंडित ओमदत्त समेत अन्य पंडितों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में औद्योगिक नगर थाना पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इससे पूर्व सर्व ब्राह्मण समाज ने गुरुवार को जिला कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें शनिवार की दोपहर तक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने पर पाली बंद की चेतावनी दी थी।

सीओ सिटी देरावसिंह सोढ़ा ने बताया- पाली शहर के हाउसिंग बोर्ड में रहने वाले ओमदत्त दवे (43) पुत्र कैलाशचंद दवे मंगलवार को औद्योगिक थाना क्षेत्र के राजनगर में स्थित अपने पट्टाशुदा प्लॉट पर सुंदरकांड का पाठ करवा रहे थे। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर सुरेन्द्रसिंह कुम्पावत ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन पर जानलेवा हमला किया और मौके से फरार हो गया।

रिपोर्ट के अनुसार 13 नवंबर की सुबह करीब 10 बजे औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित राज नगर में वारदात हुई। जिसमें अपने भूखंड पर पंडितों के साथ सुंदरकांड का पाठ करवा रहे हाउसिंग बोर्ड निवासी ओमदत्त (43) पुत्र कैलाशचन्द्र, निर्मल उर्फ लाडू, सुनील श्रीमाली पुत्र भगवतीलाल पर आरोपी जानलेवा हमला कर फरार हो गए। इसके बाद तीनों पीड़ितों ने औद्योगिक नगर थाने में मामला दर्ज करवाया।

रिपोर्ट में बताया कि आरोपी सुरेन्द्रसिंह राजपूत, उसका भाई कुलदीप राजपूत, सूरजपाल, सुमेर सिंह सहित 10-12 लोगों ने उसके ऊपर लाठी, सरिए, डंडों से हमला किया था। घटना में ओमदत्त सहित अन्य पंडितों को गंभीर चोटें आई थी। गंभीर घायल ओमदत्त को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। जहां उनका इलाज जारी है।

मामले में आरोपी पाली के राजनगर (सरदारसमंद रोड) निवासी कुलदीपसिंह (27) पुत्र कुंदनसिंह, शहर के शेखावत नगर (कोतवाली थाना) निवासी कमलसिंह (35) पुत्र कायमसिंह, राजेंद्र नगर (औद्योगिक थाना) निवासी चैनसिंह (26) पुत्र दिलीपसिंह और शिव कॉलोनी (औद्योगिक थाना) निवासी जयंती (24) पुत्र जेठाराम को गिरफ्तार किया। मामले में फिलहाल आरोपी सुरेन्द्र सिंह समेत अन्य की तलाश जारी है।

# डॉ. पद्मजा शर्मा को राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान मिला



दिल्ली में पद्मजा शर्मा को राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान के अंतर्गत शॉल, मोमेंटो व सर्टिफिकेट प्रदान किया।

**जोधपुर**, (कासं)। साहित्य अकादमी दिल्ली के रवींद्र भवन में आर जे इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एज्युकेशन, उत्तरप्रदेश के तत्वावधान में साहित्यकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहां देश के चुनिंदा साहित्यकारों को राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो अमरसिंह वधान ने बताया कि डॉ. पद्मजा शर्मा को राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान के अंतर्गत शॉल, मोमेंटो और सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए अतिथियों ने कहा कि 37 पुस्तकों की रचयिता पद्मजा ने विभिन्न विधाओं और विषयों पर लिखा है। आपने हिंदी की ज्योति जोधपुर में जलाई है, यह सम्मान और गर्व की बात है। राष्ट्रीय सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि डॉ पुष्पलता तनेजा, अध्यक्ष रामशरण गौर ,रजनी सिंह के साथ ही डॉ आनंद सुमन, डॉ गुरचरण कौर, डॉ हरीश पाल, डॉ प्रेम सेठी, डॉ योगेन्द्र नाथ शर्मा, प्रो अमरसिंह वधान मंच पर थे।

## नगर कीर्तन यात्रा निकाली

**पाली**, (नि.सं.)। सिखों के धर्मगुरू श्री गुरु नानक देव का 555 प्रकाश उत्सव शुक्रवार को सूरजपाल स्थित गुरु नानक गुरुद्वारा में उत्साह पूरक मनाया गया,जिसको लेकर गुरुद्वारा को रंगीन रोशनी से सजाया गया।

गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान सरदार अमरजीत सिंह मखीजा ने बताया कि अखंड पाठ बुधवार से शुरू हो गया।जो शुक्रवार सुबह समापन हुआ। गुरु पूरब अखंड पाठ की सेवा प्रीतम सिंह पुत्र स्वर्गीय सरदार थाऊ सिंह परिवार की ओर से और लंगर सेवा रामजीवन तापड़िया परिवार की ओर से की गई। इसके बाद गुरु नानक देव जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया।दोपहर में लंगर का आयोजन हुआ। उसके बाद 3:15 बजे नगर कीर्तन यात्रा बैंड बाजा के साथ रवाना हुई। जिसमें सबसे आगे घोड़े पर पंच प्यारे उसके बाद पूरे मार्ग पर पथ बुहारती महिलाएं, बठिंडा का पाइप बैंड मधुर स्वर बिखेर रहा था। वही फूलों से सजी गुरु ग्रंथ साहब की सवारी के आगे पंच प्यारे बोलो सो निहाल सत श्री अकाल के नारे लगाते चल रहे थे। उसके पीछे महिलाएं भजन करती चल रही थी। कीर्तन यात्रा गुरुद्वारे से अंबेडकर सर्किल, सूरजपाल से सोमनाथ मंदिर, सराफा बाजार, गुलजार चौक से सब्जी मंडी धान मंडी सोमनाथ होते हुए वापस सूरजपोल गुरुद्वारा पहुंची। , वहीं रात्रि में प्रकाश उत्सव के मौके पर सूरजपोल चौराहे पर आतिश बाजी की गई।

# 4 साल पुराने लुटेरी दुल्हन के मामले में कोर्ट ने लिया प्रसंज्ञान

**पाली**, (नि.सं.)। शहर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सा. दंगा) की मजिस्ट्रेट कविता कच्छावा ने शनिवार दिनांक 16 नवंबर 2024 को फैसला सुनाते हुए पुलिस थाना कोतवाली पाली के 4 चार पुराने लुटेरी दुल्हन के मामले मे आरोपी लुटेरी दुल्हन शिल्पा सोनी पुत्री सुरेश कुमार व उसकी मां सुमन पत्नि सुरेश कुमार निवासी जनता कॉलोनी पाली हाल केशरसिंह गुड़ा गंगाजल बेरा के विरुद्ध प्रथमदृष्टया पर्याप्त सबूतों के बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों को बचाने के लिए जो एफ आर लगा दी थी को अस्वीकार करते हुए पीड़ित पति दिनेश सोनी की प्रोटेस्ट पिटीशन को स्वीकार कर आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 406, 494, 120 बी भारतीय दंड सहिता मे प्रसंज्ञान लेकर लुटेरी दुल्हन शिल्पा सोनी व उसकी मां सुमन सोनी को न्यायालय मे तलब किया है।

लुटेरी दुल्हन शिल्पा सोनी ने पहले पति गणपत को छोड़कर दूसरे पति दिनेश सोनी पुत्र मोतीलाल निवासी भालेलाव से शादी कर ली फिर उसके घर से भागकर तीसरे पति सुरेश चौधरी पुत्र मगाराम निवासी केशरसिंह गुडा गंगाजल बेरा से शादी कर ली।

पीड़ित पति दिनेश सोनी से शादी के लिए लुटेरी दुल्हन व उसकी मां ने साढ़े तीन लाख रूपये, 20 तोला सोना व 300 ग्राम चांदी के गहने पीड़ित से लेकर हड़प लिए और शादी के कुछ समय बाद मौका देखकर फरार हो गई, पीड़ित पति ने न्यायालय से जरिये इस्तगाशा कोतवाली पुलिस थाने मे मुकदमा दर्ज करवाया था लेकिन पुलिस ने पीड़ित पति द्वारा रूपये व सोने चांदी के गहने आरोपीगण को देने के सबूत पेश करने पर भी गौर तक नहीं किया और एफ आर लगा दी, न्यायालय ने अपने आदेश मे हवाला दिया की पुलिस ने आरोपियों को बचाने के लिए मामले को झूठा मानकर एफ आर लगाई है, न्यायालय ने आरोपियों को 3 दिसम्बर 2024 को आगामी सुनवाई पर तलब किया है, मामले मे पीड़ित पति की ओर अधिवक्ता अरिहंत चौपड़ा, प्रवीण साहू व वीरेंद्र सिंह राजपुरोहित ढारिया ने पैरवी की।

## जुंझारजी के नाम कार्यक्रम संपन्न

**रानीवाड़ा**, (नि.सं.)। जय जलाराम सेवा समिति की ओर से जलारामधाम में एक शाम जुझारजी के नाम भजन संध्या का भव्य आयोजन कल रात्रि को किया गया। इस कार्यक्रम में भजन कलाकार श्रीमति टीना चौहान, रमेश प्रजापत सहित कई ने देर रात्रि तक भजन सरिता का प्रवाह जारी रखा।

संस्थान के अध्यक्ष सज्जनसिंह राव ने बताया कि हर साल भांति इस बार भी जलारामधाम में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रमेश प्रजापत की ओर से गणपति वंदना के साथ हुई। देर रात्रि तक सवाईसिंह, माजीसा, राधाकृष्ण, मीरा सहित कबीर के भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को बांधे रखा।

अल सुबह ब्रह्ममुहुर्त में जुझारजी के मंदिर पर पंडित शांतिलाल श्रीमाली सहित कई विद्धानों की मौजूदगी में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ घ्वजारोहण किया। कोओं को प्रसादी वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया। संचालन सुरेश जैन सूरत के निर्देशन में किया। जबरसिंह, गुमानसिंह, नारायण सिंह कारोली, ओखसिंह भवानीपुर, प्रताप सिंह मोरवाडा, कानसिंह बगसडी, जबर सिंह भुवाजी, देवीसिंह भीनमाल, मुकेश खंडेलवाल, फौजसिंह डाभी, अशोक चौधरी, सुरेश पुरोहित, प्रभाराम वागडा, कृष्ण देवासी, अंबालाल जीनगर, रमेशसिंह सांचौर, सतीश कुमावत, नारायण चौधरी आदि ने भाग लिया।

# राजश्री दयालदास की छतरी का पूजन किया



जैसलमेर जिले में क्षत्रिय युवक संघ की स्वयं सेविकाओं ने शैक्षिक भ्रमण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। बड़ोड़ा गांव की श्री क्षत्रिय युवक संघ की स्वयं सेविकाओं ने शैक्षिक भ्रमण किया।

प्रान्त प्रमुख उम्मेद सिंह एवं शारीरिक शिक्षिका मनोज कंवर के निर्देशन में छात्राओं ने राजश्री दयालदास की ऐतिहासिक छतरी के दर्शन कर पूजन किया। उन्होंने वार म्यूजियम का भ्रमण कर भारतीय सेना की वीरता की गाथाओं तथा सैन्य हथियारों के बारे में जानकारी ली। इतिहासकार रतन सिंह ने छात्राओं को जैसलमेर दुर्ग का भ्रमण करवाकर इतिहास व कला- संस्कृति से रूबरू करवाया।

यहां के बाद छात्राओं का दल कुलधरा पहुंचा। यहां छात्राओं ने प्राचीन ठााम्य जीवन की झलक देखी तथा भवनों की शिल्पकला देखकर अभिभूत हुई। बुझ झील देखने के बाद उन्होंने नभ डूंगरराय जी माताजी के दर्शन किए। प्रतापसिंह ने बताया कि इस शैक्षिक भ्रमण में कुल 81 छात्राओं ने भाग लिया। ज्ञातव्य है कि पिछले दिनों बडोड़ा गाँव में संघ का बालिका प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ था तथा तभी यह शैक्षिक भ्रमण तय कर दिया गया था। ग्रामीणों ने शैक्षिक भ्रमण की प्रशंसा की।

# जागृत हनुमानजी के वार्षिकोत्सव पर बालाजी के जयकारे गूंजे



जालोर में जागृत हनुमानजी की प्रतिमा को सजाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के सायरपोल स्थित जागृत हनुमान मंदिर के 33वें वार्षिकोत्सव को लेकर शुक्रवार रात्रि को भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन संध्या में भक्तो ने बालाजी के जयकारे लगाते हुए भक्ति में झुमते नजर आये।

जालोर शहर में हल्देश्वर मठ के सेवा भारती महाराज, हनुमान मंदिर सुन्देलाव के पवनपुरी महाराज, भैरूनाथ अखाडा सहित अन्य साधु संतो के सानिध्य में भजन संध्या का आगाज हुआ। जागृत हनुमानजी के वार्षिकोत्सव को लेकर उनके दर्शनार्थ भक्तो की भीड़ नजर आई। वही पुरा बाजार रोशनी से जगमग हो उठा। बालाजी के समक्ष भक्तो ने शीश नवाकर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। जागृत हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर बालाजी की प्रतिमा को आकर्षक रूप से श्रृंगारित की गई।

भजन संध्या का आगाज जोधपुर के दीपक जोशी ने सरस्वती वंदना व गुरू महिमा के साथ किया। इसके बाद झालावाड की अल्का शर्मा , सवाई भाट सहित कई भजन गायको ने एक से बढ़कर एक बालाजी के भजन गाकर श्रद्धालुओं को बालाजी के भक्ति में रंग में रंग दिया। भजन संध्या में बालाजी के जयकारो से फिंजा भी गुंजयमान हो उठी। देर रात्रि तक जागृत बालाजी के भक्तिमय स्वर लहरियों को भक्तो को भक्ति में लीन कर बैठने को मजबूर कर दिया। शनिवार सुबह जागृत हनुमानजी की प्रतिमा के समक्ष छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई।

# गहलोत को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए : पूनिया

**जोधपुर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के शासन में भी कानून व्यवस्था कमजोर हुई है और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है।,

इस मौक पर सतीश पूनिया ने कहा कि गहलोत को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए, उन्हें बयानबाजी से पहले सोचना चाहिए। वे आज जोधपुर प्रवास पर पहुंचे और यहां मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

एसडीएम के साथ हुई घटना को लेकर पूनिया ने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि ऐसा कुछ नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ भाजपा ने खूब बोला था तभी वे सत्ता से बाहर हुए है। यदि वो सवाल खड़े करते है तो उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

उनके शासन काल में पांच साल तक कानून व्यवस्था ध्वस्त हुई थी, उन्होंने विरासत में जो दिया है, यहां की पुलिसिंग को कमजोर किया है। भाजपा ने उसे सुधारने के साथ दुरूस्त करने का काम भी किया है।

पूनिया ने कहा कि लोकतंत्र में हमारा जो संविधान है उसका मर्यादा से पालन करना चाहिए, हिंसा का लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। समाज में गरिमा और मर्यादा बनी रहनी चाहिए। लोकतंत्र में ब्यूरोक्रेसी, डेमोक्रेसी और राजनेता को मिलकर काम करना चाहिए ताकि देश प्रदेश का विकास हो सकें। इनके संबंध भी ठीक होने चाहिए। ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो। यह राजनीतिक दलों के लिए सीख है। चुनाव को लेकर पूनिया ने कहा कि बीजेपी अधिकाश सीटें जीतेगी।

## मारपीट की

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के महामंदिर पुलिस थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुरा, रसाला रोड पर एक युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर बदमाशों ने उसके भाई के साथ मारपीट कर डाली। युवती की तरफ से नामजद आरोपियों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दी गई है।

आरोपी घटना के बाद फरार हो गए। महामंदिर पुलिस ने बताया कि पृथ्वीपुरा रसाला रोड की रहने वाली एक युवती की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके क्षेत्र का रहने वाला एक युवक उसे तंग और परेशान करता है। गलत इशारे करता है। इसको लेकर जब शिकायत की गई तो आरोपियों ने उसके भाई के साथ मारपीट कर डाली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।